निरीक्षण प्रबन्धों को कड़ा कर करें, उचित दर दुकानों के कार्यकरण पर निगरानी रखने के लिए सलाहकार/सतर्कता समितियां गठित करें आदि । समेकित आदिवासी विकास कार्यक्रम के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विशेष रूप से राज-सहायता युक्त खाद्यान्न सप्लाई करने की एक योजना पहले से ही चल रही है । तथापि, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रशासन की जिम्मेदारी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की है ।

(ख) देश में 3.5 लाख से अधिक उचित दर की दुकानें हैं । राजस्थान में इनकी संख्या 14647 है, जो लगभग 3.4 करोड़ आबादी की सेवा कर रही है ।

Ticketless passengers

2298. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether the number of ticketless rail travellers in the country is increasing manifold since the present Government have taken over;

(b) whether the machinery to detect the ticketless rail travellers has also failed to detect such cases in the trains; and

(c) if so, what other steps Government propose to take to stop ticketless rail travelling in the country?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) and (b) No, Sir.

(c) Does not arise.

Miraj-Bangalore Railway Line

2299. SHRI H. HANUMANTHAPPA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether conversion of Miraj-Bangalore Railway line will be taken up during Eighth Plan; and

(b) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI GEORGE FERNANDES): (a) Specific Gauge Conversion proposals to be taken up during the Eighth Plan have not been identified;

(b) Does not arise.

असिंचित भूमि से कृषि उत्पादन

2300. **सरदार हरजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश की कुल कृषि भूमि का 70 प्रतिशत भाग सिंचाई के लिए वर्षा पर निर्भर करता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि इस भूमि से कृषि उत्पादन देश की सिंचित भूमि के कृषि उत्पादन के आधे से भी कम है ;

(ग) क्या सरकार ने इस भूमि से होने वाले प्रति हैक्टेयर उत्पादन का अनुमान लगाया है ;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और भविष्य में इस प्रकार की भूमि से उत्पादन दर बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं ; और

(ङ) ऐसे लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अपनाए गए कार्यक्रम की रूप रेखा क्या है?

उप प्रधान मंत्री और कृषि मंत्री (श्री देवी लाल) : (क) 1986-87 (नवीनतम उपलब्ध) के भू-उपयोग सांख्यिकी आंकड़ों के आधार पर देश में कुल अ-सिंचित क्षेत्र लगभग 69 प्रतिशत है ।

(ख) सिंचित और असिंचित क्षेत्रों के लिए कृषि उत्पादन का अलग से अनुमान नहीं लगाया जाता ।

(ग) से (ङ) प्रमुख राज्यों द्वारा असिंचित क्षेत्रों के लिए प्रति हैक्टेयर